उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. 211/गोपन/2023-24

दिनांक/Date 20/08/2024

विज्ञप्ति

आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 49/उ०अ०से०च०आ०/2023 दिनांक 13 अक्टूबर, 2023 में सहायक समाज कल्याण अधिकारी, सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुन्सरिम, रीडर, कार्यालय सहायक–तृतीय, सहायक समीक्षा अधिकारी, फोरमैन परिसम्पत्ति, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी के पद विज्ञापित किये है।

उक्त पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 31 दिसंबर, 2023 को संचालित की की गई, जिसके आधार पर 16 मई, 2024 को अभिलेख सत्यापन की औपबंधिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वैबसाइट पर जारी की गई।

उक्त औपबंधिक श्रेष्ठता सूची के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन एवं पदों की वरीयता लिए जाने का कार्य दिनांक 19.06.2024 से 24.06.2024 तक आयोग कार्यालय में किया गया।

अभिलेख सत्यापन एवं अभ्यर्थियों से प्राप्त वरीयता के उपरांत विज्ञापन में सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, रीडर, मुन्सरिम, कार्यालय सहायक तृतीय (उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लिमिटेड), कार्यालय सहायक तृतीय (पॉवर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड), सहायक समीक्षा अधिकारी (उत्तराखण्ड सूचना आयोग) के लिए मांगी गई टंकण की अर्हता के अनुसार टंकण परीक्षा संचालित की जानी है।

अतः सूचित किया जाना है कि अभिलेख सत्यापन में उपस्थित एवं अर्ह अभ्यर्थियों की टंकण परीक्षा दिनांक 05 सितंबर, 2024 से संचालित की जानी प्रस्तावित है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि टंकण परीक्षा के लिए संबंधित पदों की टंकण संबंधी अर्हता का भली–भांति अध्ययन कर ले।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव

निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, एयरपोर्ट रोड़, रायपुर, देहरादून। टोल फ्री नं.-9520991174
Near Maharana Pratap Sports College, Airport Road, Raipur, Dehradun. Toll Free No. 9520991174
Website : www.sssc.uk.gov.in, Email : chayanayog@gmail.com

Scanned with ACE Scanner